दिनांक : 28/04/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिन के उत्तर प्रदेश दौरे पर रहेंगे।
- मध्यप्रदेष विधानसभा में संसद और सभी विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण देने को लेकर लाया गया सरकार का संकल्प पारित।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बालाघाट के सूपखार में आज जंगली भैंस पुनर्स्थापन का शुभारंभ करेंगे।
- आज प्रदेश के पांच जिलों में लू चलने की चेतावनी, खजुराहो में पारा 45 डिग्री पहुंचा।

प्रधानमंत्री-यूपी दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिन के उत्तर प्रदेश दौरे पर रहेंगे। दौरे के पहले चरण में, प्रधानमंत्री वाराणसी पहुंचेंगे जहां शाम को वे एक महिला सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और लगभग 6 हजार 350 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं में रेल, सड़क, जल, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन और शहरी बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। प्रधानमंत्री दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे और वाराणसी-पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन तीसरी और चैथी रेल लाइन परियोजना का शिलान्यास करेंगे।

म.प्र विधानसभा-महिला आरक्षण पारित

मध्यप्रदेश विधानसभा में देश की संसद व सभी विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण, परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर, तत्काल प्रभाव से लागू करने के सम्बन्ध में लाया गया संकल्प बहुमत के साथ पारित हो गया। नारी शक्ति के वंदन हेतु महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए विधानसभा का एक दिवसीय सत्र बुलाया गया था। सदन में नारी षक्ति वंदन अधिनियम को लेकर मुख्यमंत्री  मोहन यादव ने षासकीय संकल्प रखा। इसके पहले मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि उनके द्वारा अषासकीय संकल्प लाया गया है कि महिलाओं को आज की स्थिति में आरक्षण दिया जाए, इसलिए सदन में इस पर चर्चा कराई जाए। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने षासकीय संकल्प को मंजूर करते हुए चर्चा कराने की सहमति दी लेकिन विपक्ष अपनी बात पर अडा रहा और बाद में सदन से वाकआउट कर दिया गया। सदन में सरकार द्वारा लाए गए संकल्प पर करीब आठ घंटे तक चर्चा हुई। इसमें सत्ता पक्ष की ओर से मुख्यमंत्री द्वारा लाए गए संकल्प का समर्थन किया गया जबकि विपक्ष ने मौजूदा स्थिति पर आरक्षण देने की बात रखी। चर्चा में दो दर्जन से अधिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। इसके बाद बहुमत के आधार पर षासकीय संकल्प पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री डाॅ. मोहन यादव ने सदन के बाहर मीडिया से कहा कि-

दिल्ली विधानसभा-विशेष सत्र

आज दिल्ली विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र का आयोजन होगा। उपराज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद आठवीं विधानसभा का पांचवां सत्र बुलाने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस सत्र में महिला आरक्षण से विधेयक को लेकर चर्चा हो सकती है।

मुख्यमंत्री-बालाघाट दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज बालाघाट जिले के सूपखार और टोपला क्षेत्र में जंगली भैंस पुनर्स्थापन अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सूपखार में 4 जंगली भैंसों को उनके नए प्राकृतिक आवास में छोड़ेंगे। इनमें 3 मादा और एक नर जंगली भैंसा शामिल हैं। असम के काजीरंगा से जंगली भैंसों को कान्हा टाइगर रिजर्व लाया जा रहा है। पहले चरण में 4 भैंसों का दल अपनी यात्रा प्रारंभ कर चुका है। इस सीजन में 8 भैंसों को स्थानांतरित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चीता पुनर्स्थापना की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब जंगली भैंसों की वापसी से प्रदेश की जैव-विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा।

महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया

प्रदेश के सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों और एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से 30 जून तक संचालित की जाएगी। इस वर्ष भी इसे तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, इसमें दो केंद्रीकृत चरण एवं एक कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण षामिल है। विद्यार्थी मोबाइल ऐप और ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। विद्यार्थियों के लिए प्रवेश को अधिक सुलभ बनाने के लिए, पंजीयन शुल्क एनसीटीई एवं परंपरागत पाठ्यक्रमों के लिए 100 रूपए निर्धारित किया गया है। इस वर्ष भी पोर्टल शुल्क पूर्णतः समाप्त रहेगा। प्रथम चरण में छात्राओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा द्वितीय चरण से सभी विद्यार्थियों के लिए पंजीयन शुल्क 150 रूप्ए निर्धारित किया गया है।

कक्षा 5वीं, 8वीं की पुनरूपरीक्षा

शिक्षण सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण या अनुपस्थित कक्षा 5वीं और 8वीं के विद्यार्थियों के लिए पुनः परीक्षा होगी। यह परीक्षा 1 से 6 जून के बीच होगी। इसमें प्रदेश के समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं और पंजीकृत मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं व 8वीं के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

म.प्र. समान नागरिक संहिता समिति

मध्यप्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता लागू करने की संभावना का पता लगाने के लिए एक उच्च-स्तरीय समिति गठित की है। इससे संबंधित आदेश कल जारी किए गए। समिति की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालत की पूर्व न्यायाधीश, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रंजना प्रसाद देसाई करेंगी। इसके अन्य सदस्यों में भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी शत्रुघ्न सिंह, विधि विशेषज्ञ अनूप नायर, शिक्षाविद गोपाल शर्मा और समाज सेवक बुधपाल सिंह शामिल हैं।

मौसम

मध्यप्रदेश में गर्मी इस बार रिकॉर्ड तोड़ स्तर पर पहुंच गई है। कल खजुराहो में पहली बार पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि इंदौर में 6 साल और भोपाल-जबलपुर में 3 साल का तापमान रिकॉर्ड टूट गया। आज 4 जिलों छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में लू और 12 जिले ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, सतना और रीवा में गरज-चमक, आंधी के साथ बारिश हो सकती है। ऐसा साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और टर्फ की वजह से होगा।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट के लीग मैच में कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने डेल्ही कैपिटल्स को 9 विकेट से हरा दिया। आज पंजाब किंग्स का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स से होगा। मैच न्यू चंडीगढ़ के मुल्लनपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में स्थानीय समय अनुसार शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

महिला फुटबॉल

फुटबॉल में, अंडर-17 भारतीय महिला टीम एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप चीन 2026 में भाग लेने के लिए कल चीन के सूजौ पहुंची। 21 वर्षों में टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम 2 मई को ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेगी, इसके बाद 5 मई को जापान और 8 मई को लेबनान के खिलाफ मैच होंगे। भारत के सभी मैच सूजौ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर के मैदानों पर खेले जाएंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- नर्मदापुरम में कल नगर पालिका अध्यक्ष नीतू यादव और कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला स्तरीय 'नीर पखेरू अभियान' के तहत शासकीय विद्यालयों के बच्चों और अधिकारियों को सकोरे वितरित किए।
- खंडवा जिले के कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने "स्वच्छता ऐप" के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

- छिंदवाड़ा में कल देर शाम गुरैया सब्जी मंडी में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। इसका कारण फिलहाल शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा। आग की लपटों में 10 से 12 दुकानें आ गई।
- आगरमालवा जिले के 40 गांवों का चयन 'क्षीरधारा ग्राम योजना' के प्रथम चरण हेतु किया गया है।
- अशोकनगर कलेक्टर साकेत मालवीय ने निर्देष दिए हैं कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अनुपयोगी व खुले बोरवेल को तुरंत बंद कराये जायें। लापरवाही पाये जाने पर भूस्वामी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

-------------